पजांब केसरी
20-03-2026

विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखना आवश्यक : डॉ. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सनातन नववर्ष पर आयोजित विशेष व्याख्यान के दौरान प्राध्यापक और विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सनातन नववर्ष पर हुआ विशेष व्याख्यान

अम्बाला, 19 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वीरवार को सनातन नववर्ष विक्रमी संवत 2083 वर्ष प्रतिपदा शुभ अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान हिन्दी विभाग, संस्कृत विभाग, जनसंचार विभाग एवं कॉलेज की आई.के.एस. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

अपने संदेश में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखना और उनमें नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में अनुशासन, संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को सदैव बनाए रखना चाहिए।

व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ता संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रियंका बाल्दिया ने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति है, जो हमें जीवन के मूल्यों, नैतिकता और आध्यात्मिकता का मार्ग दिखाती है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि वे धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की सेवा के लिए संदैव तत्पर रहेंगे तथा सनातन मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रण निभाएंगे।